# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# आप तो देश के लिए शहीद हुए हो हमेशा अमर रहोगे

## दोनों जाबाजों की अंतिम विदाई से माहौल हुआ गमगीन

**शहादत को सलाम**

■जाबांज गोकर्ण चुफाल की बीरांगना ने उतारी पार्थिव शरीर की आरती



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। बीते शुक्रवार को जनपद के सीमांत तहसील के दो जाबाजों का कश्मीर के बारामुला के उड़ी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से हुई भारी गोलाबारी में दुश्मनों से लोहा लेते हुए शहादत से गांव के ग्रामीण शहीदों के अंतिम दर्शन के लिए सैकड़ों की तादात में जमा थे। गांव सहित पूरा क्षेत्र शोक में डूबा हुआ था। अपने लालों के अंतिम दर्शन के लिए इलाके के ग्रामीण गांवों में जमा थे। शहीदों के सम्मान में मौसम ने भी सम्मान दिया।

उरी सेक्टर जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान की गोलागारी में शहीद हुए 21 कुमाउं रेजीमेण्ट के हवालदार गोकर्ण सिह चुफाल का पार्थिव शरीर रविवार देर सांय उनके पैतृक आवास नापड बांव के आंगन में लाया गया। जैसे ही जाबाज गोकर्ण सिह के सिह का पार्थिव शरीर उनके आंगन में रखा गया तो उनकी पत्नी हाथों में आरती का थाल लेकर खड़ी हो गई। शहीद की पत्नी गीता बोली आप तो देश के लिए शहीद हुए हो हमेशा अमर रहोगे। शहीद की पत्नी के ये शब्द सुनकर पूरा गांव के लोगों के आखों में आंसू आ गए। देर रात रविवार को सांय साढे पांच बजे के बाद शहीद गोकर्ण सिह का पार्थिव शरीर उनके गांव में पहुंचा। शहीद जवान गोकर्ण सिंह के पार्थिव शरीर की अंत्योष्टि सोमवार को थल के रामेश्वर घाट में की गई। शहीद गोकर्ण सिंह के अंतिम दर्शन करने को राज्य सरकार की ओर से प्रभारी मंत्री अरविंद पांडे सांसद बलराज पासी के साथ पहुंचे। डीडीहाट से भाजपा के विधायक बिशन सिह सुफाल के जाबाज गोकर्ण सिंह के अंतिम दर्शन में शामिल हुए। जिलाधिकारी डा. विजय जोगदडे व मुसयारी के उपजिलाधिकारी बीएस फोनिया एसपी प्रीति प्रियदर्शनी भी जाबांज गोकर्ण सिह के पाार्थिव शरीर के दर्शन करने पहुंचे।

वहीं शहीद शंकर महरा का पार्थिव शरीर हैलीपेड से नाली गांव लाने तक उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प वर्षा होती रही। माता पिता के करूण क्रुंदन से इलाके में माहौल काफी गमगीन हो गया। देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जाबाज शंकर महरा का शव रविवार को दोपहर बाद गंगोलीहाट से तीन किमी दूर दशाईथल के हेलीपैड पर पहुंचा। जैसे ही जाबाज शंकर का पार्थिव शरीर इलाके में उतरा तो इलाके के लोगों ने जाबांज की याद में वीरता के नारे लगाने शुरू कर दिये। दशाईथल से नाली गांव चालीस किमी दूरी पर लोगों द्वारा पार्थिव शरीर पर फूल चढ़ाये गये।

जाबाज जवान शंकर महरा के पार्थिव शरीर की अंत्योष्टि रविवार को रामेश्वर घाट में की गई। वही शहीद शंकर महरा के परिजनों के क्रुंदन से इलाके का माहौल बेहद गमगीन हो गया। वही हेलीकाप्टर के पायलट लेफटिनेंट कर्नल एचएस सिरोही व मेजर एके सिह जम्मू कश्मीर ये पहुचे हुए थे।

## न्यूज डायरी

### समाजिक संगठन ने बढाये साहसिक कदम

**संवाददाता** पिथौरागढ़। कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए जनपद का सामाजिक संगठन आगे आया है। जिले में नही बलकि सीमांत तहसील क्षेत्रों में भी सर्वांचल सांस्क्रतिक एवं सामाजिक विकास विकास मंच सुधि संस्था कोरोना संक्रमण से निपटने को आगे आयी है। सुधि संस्था द्वारा कोविड 19 अंतराष्टीय आपदा में जनजाग्रति अभियान के साथ भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन पर विस्तार से जानोरी दी जा रही है। जानकरी के मुताबिक जनपद मुख्यालय में अब तक सुधि संस्था द्वारा विगत एक माह से जनजाग्रति अभियान लचाने के साथ ही जिले के अंनपूर्णा केंन्द्र में सहयोग किया जा रहा है। बता दें कि सुधि संस्था के द्वारा क्षेत्र डीडीहाट व कनालीछीना विकासखण्ड में अभिलाषा एकेडमी व न्यू ईरा एकेडमी के अध्यापक अध्यापिकाओं के माध्यम से ग्रमीण क्षेत्रों में मास्क व सेनिटाइजर भी बांटे जा रहे है। सुधि संस्था के महासचिव किशोर पंत ने बताया कि आम आदमी को राहत देने के लिए उनकी संस्था आगे आई है इस दौरान सुधि सस्था के कार्यो की तमाम उंगठनों ने तारीफ की है।

### समकोट गांव में किया गया ग्रमीणों का स्वास्थ परीक्षण

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जनपद की तहसील क्षेत्र मुंसयारी के अति दूरस्थ समकोट गांव में रेडक्रास सोसाइटी व चिकित्सा विभाग द्वारा डा पीएन जोशी के सानिध्य में चिकित्सा शिविर लगाकर खांसी व बुखार से पीडित ग्रामीणों का उपचार कर निशुल्क दवा बांटी गई। बता दें कि इलाके में मौसमी बुखार,खासी से डेढ सौ परिवार पीडित थे। वही मौके पर सूचना मिलने पर प्रशासन के निर्देश पर चिकित्सा विभाग व रेडक्रास सोसाइटी ने गांव में पहुचकर शिविर लगाकर ग्रमीणें का स्वास्थ परीक्षण किया। वही ग्रामीणों की थर्मल स्क्रीनिग भी की गई। वही इलाके के ग्रामीणों को कोरोना से बचाव के उपाय भी बताए गये। वही ग्रामीणों को मास्क व सेनिटाइजर भी बांटे गये।

### मोहनपुर इलाके में जरूरतमंद लोगों को कच्चा राशन वितरित

**संवाददाता** देहरादून। अखिल गढवाल सभा के तत्वावधान में प्रेमनगर स्थित मोहनपुर इलाके में जरूरतमंद लोगों को कच्चा राशन का वितरण किया। इस अवसर पर मोहनपुर स्थित क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों की सूची तैरूार करने के बाद गढ़वाल सभा द्वारा ग्यारह हजार रूपये के राशन के पैकेटस तैयार कर जरूरतमंद लोगों को यह राशन बांटा गया। इस अवसर पर मेयर सुनील उनियाल गामा, भाजपा महानगर अध्यक्ष सीताराम भटट, सतेन्द्र नेगी आदि शामिल थे। समिति के संरक्षक सेनि कैप्टन एचपी पुरोहित को ग्यारह हजार का चैक भेंट किया।

**फिर रोशन हुए बाजार**



# 47 दिन बाद सोमवार को खुले दफ्तर, पब्लिक की नो एंट्री

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए किए गए लॉकडाउन का लॉक सोमवार से दून में भी व्यापक स्तर पर खुल गया है। बड़े स्तर पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों को खोलने की अनुमति के साथ ही 47 दिन बाद सरकारी दफ्तरों के गेट भी खुल गए हैं। हालांकि, दून में सभी कार्यालय बेहद सीमित कार्मिकों की उपस्थिति के साथ खोले गए हैं। इसके साथ ही फिलहाल यहां पब्लिक की नो एंट्री है।

लॉकडाउन में खुले रहे बैंक, एटीएम और कोषागार भी अब सुबह 10 बजे से अपराह्न चार बजे तक खुले रहेंगे। गौरतलब है कि राज्य और केंद्र सरकार के कार्यालय (जरूरी सेवाओं को छोड़कर) 18 मार्च से बंद चल रहे हैं।

**कार्मिकों के आवागमन के पास कार्यालयाध्यक्ष जारी करेंगे**

जिलाधिकारी डॉ. आशीष श्रीवास्तव के आदेश के अनुसार जो भी कार्यालय खोल दिए गए हैं, उनमें जनता को प्रवेश की अनुमति नहीं है। अगर कोई शिकायत है तो लोग उसे ई–मेल, वाट्सएप के माध्यम से भेजेंगे या कार्यालय के बाहर लगे ड्रॉप बॉक्स में डालेंगे। चार मई से एक सप्ताह की अवधि तक क व ख श्रेणी के सभी कार्मिकों को कार्यालय आने की अनिवार्यता होगी, जबकि ग व घ श्रेणी के 33 फीसद कार्मिकों को रोटेशन में कार्यालय बुलाया जाएगा। इसकी व्यवस्था संबंधित विभागाध्यक्ष या कार्यालयाध्यक्ष सुनिश्चित करेंगे। पहले सप्ताह के अंत में इसकी समीक्षा की जाएगी। जिसमें क व ख श्रेणी के कार्मिकों की 100 फीसद उपस्थिति के साथ अन्य कार्मिकों की उपस्थिति 50 फीसद करने पर विचार किया जाएगा।

जिलाधिकारी के आदेश के अनुसार जिन कार्मिकों को काम पर बुलाया जाएगा, उनके पास संबंधित विभागाध्यक्ष या कार्यालयाध्यक्ष जारी करेंगे। जिलाधिकारी ने सख्त हिदायत दी है कि सक्षम अधिकारी कार्यालय आने वाले कार्मिकों को ही पास जारी करें। पास जारी करने में किसी भी तरह की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## परीक्षा फार्म लॉकडाउन की तिथि के बाद भराये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। डीएवी पीजी कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष निखिल शर्मा ने हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति से लॉकडाउन के दौरान परीक्षा फार्म लॉकडाउन की तिथि के बाद भराये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस ओर सकारात्मक कार्यवाही न होने पर छात्र संघ व्यापक आंदोलन करेगा। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कुलपति को भेजे ज्ञापन में कहा है कि एक तरफ कोरोना महामारी से सारा विश्व प्रभावित है जिससे की भारत भी अछूता नहीं है इस दौरान प्रदेश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्र हितों को बलि वेदी में रखकर परीक्षा फार्म भराने का आदेश दिया गया है एवं इसकी समय सीमा भी निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 के दृष्टिगत अधिकांश छात्र–छात्राओं को अपने गृह जनपद जाना पड़ा है एवं अधिकतर छात्रों की आर्थिक स्थिति भी इस महामारी के कारण अत्यंत प्रभावित हुई है विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दिये गये इस आदेश का डीएवी छात्र संघ पूर्ण रूप से विरोध करता है।